आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट

बर्ष :12 अंक :266 पृष्ठ -4 दिनांक 22 सितम्बर 2024 दिन रविवार



# योगी सरकार के मंत्री ने अखिलेश यादव को बताया कंस का अनुयायी, तिरुपति विवाद पर भी दिया बयान

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों पर लगाम लगाने का कार्य किया जा रहा

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने मिडिया से बातचीत के दौरान वन नेशन वन इलेक्शन के साथ-साथ देश के अलग-अलग विषयों पर बातचीत की. यूपी मंत्री ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन से एक समय पर ही केंद्र, राज्य और निचली इकाई के चुनाव को संपन्न कराके समय और पैसे की बचत हो सकेगी. एक समय में चुनाव होगा बाकी पूरे समय सिर्फ देश में विकास होगा और ऐसा सोचने का हा. "सला सिर्फ बीजेपी सरकार में है. प्रधानमंत्री का अभिनंदन करना चाहूंगा जिन्होंने ऐसा निर्णय लिया और विपक्षी दलों से भी कहूंगा कि वह पहले देश के बारे में सोचें.उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने मिडिया से बातचीत के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर जुबानी हमला बोला. उन्होंने कहा कि साधु संतों पर यह सवाल खड़ा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत तो यह है, इनके पूर्वजों द्वारा



साधु संतों का अपमान किया गया है. इनके पूर्वज गौ, साधु संत के हत्यारे हैं. सपा प्रमुख को व्यापारियों के प्रति सहानुभूति जतानी चाहिए थी लेकिन उन्होंने एक अपराधी के प्रति जताई. कंस के अनुयायी हैं अखिलेश यादव- मंत्री रविंद्र जायसवालमंत्री द्वारा सपा नेता को मूर्ख और जाहिल तक बोल दिया गया. इसके अलावा एनकाउंटर पर समाजवादी पार्टी द्वारा उठाए जा रहे सवाल को लेकर पलटवार किया कि उनके स्वर्गीय पिताजी द्वारा ही कहा गया था कि लड़के हैं गलती हो जाती है. लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों पर लगाम लगाने का कार्य किया जा रहा है, प्रदेश में कोई जातिवाद नहीं है. लेकिन हकीकत तो यह है की उत्तर प्रदेश के यदुवंशी लोग भगवान श्री कृष्ण के अनुयायी हैं और यह लोग कंस के हैं. इसके अलावा उन्होंने तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद मामले पर छिड़े विवाद को लेकर कहा इस मामले पर पूरी निष्पक्षता के साथ जांच होनी चाहिए और अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसको फांसी होनी चाहिए. क्योंकि यह आस्था का विषय है.दिल्ली का सियासी उलटफेर सब नाटक है- मंत्री रविंद्र जायसवाल 21 सितम्बर को आप नेता आतिशी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली गई. इस पर तंज कसते हुए यूपी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि दिल्ली में जो कुछ भी चल रहा है सब कुछ नाटक है. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मंत्री ने कहा पूरा दिल्ली अरविंद केजरीवाल को समझ चुका था. सरकारी कर्मचारी चाहे वह बाबू हो या अफसर हो, अगर वह जेल जाता है तो उसे सस्पेंड किया जाता है. यह जब 4 महीने जेल में रहा तब इसने इस्तीफा नहीं दिया लेकिन जब जान गया की पूरी तरह से महक चुके हैं तब इसने इस्तीफा दिया और अपने कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बना दिया. यह पूरी तरह से नाटक है.


### 50 करोड़ से ज्यादा के लड्डू बेचती है महाकालेश्वर मंदिर समिति, कलेक्टर की रहती है निगरानी

उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर शायद मध्य प्रदेश का एकमात्र ऐसा मंदिर है जिसकी समिति द्वारा हर साल 50 करोड़ का प्रसाद श्रद्धालुओं को बेचा जाता है. महाकालेश्वर मंदिर समिति लड्डुओं के प्रसाद को लेकर काफी गंभीर है. कलेक्टर की निगरानी में मंदिर में लड्डू की बिक्री के साथ-साथ बनाने की प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जाती है.महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर समिति श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में बेसन के लड्डू को विक्रय करती है. यह बेसन के लड्डू चिंतामण गणेश मंदिर के पीछे मंदिर समिति के परिसर में बनाए जात जाते हैं. लड्डू निर्माण में लगे प्रभारी कमलेश सिसोदिया ने बताया कि प्रतिदिन 40 क्विंटल से ज्यादा लड्डुओं को बनाया जाता है, जबकि सावन और भादो में डिमांड अधिक बढ़ जाने पर और भी अधिक लड्डू बनाए जाते हैं. लड्डुओं की पैकिंग कर पहुंचाया जाता है मंदिर

उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर समिति की ओर से 30 कारीगरों द्वारा लड्डुओं का निर्माण किया जाता है, जबकि 30 कर्मच. ारियों द्वारा लड्डुओं की पैकिंग कर उसे मंदिर पहुंचाया जाता है. मंदिर समिति के मुताबिक हर साल 50 करोड़ से ज्यादा लड्डुओं का प्रसाद विक्रय होता है. मंदिर समिति लड्डुओं का एक एटीएम लगाने पर भी विचार कर रही है जिसमें राशि डालने पर लड्डू का पैकेट तुरंत बाहर आ जाएगा. इससे मानव श्रम भी बचेगा और श्रद्धालुओं का अधिक सुविधा मिल सकेगी.कलेक्टर की निगरानी में होती है पूरी प्रक्रियामहाक. ालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में पदेन कलेक्टर होते हैं. उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने एबीपी न्यूज से चर्चा के दौरान कहा कि मंदिर का प्रसाद बड़ी ही शुद्धता और स्वच्छता के बीच निर्माण किया जाता है. इसमें प्रतिदिन आने वाले कच्चे सामान की भी मॉनिटरिंग की जाती है. मंदिर समिति द्वारा निर्माण किए जाने वाले लड्डू को लेकर एक फूड इंस्पेक्टर की सतह ड्यूटी लगाई गई है जो लगातार चेकिंग करते हैं.महाकालेश्वर मंदिर के लड्डू में लगता है यह कच्चा माल महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा निर्माण किए जाने वाले लड्डुओं में बेसन, रवा, सांची का शुद्ध घी, काजू, इलायची, शक्कर का बुरा मिलाया जाता है. कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मुताबिक सांची के आने वाले घी की भी शुद्धता की प्रतिदिन रिपोर्ट ली जाती है. शुद्धता की रिपोर्ट के साथ ही सांची का घी निर्माण के परिसर में लाया जाता है. इसका पूरा रिकॉर्ड महाकालेश्वर मंदिर समिति रखती है.

## बिल्डर को मिली गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी, 2 करोड़ की मांगी रंगदारी

गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाले बिल्डर सुधीर मलिक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमकी मिली है कॉल पर उनसे 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई, कॉल पुर्तगाल के कंट्री कोड से आई थी. शिकायत के आधार पर पीड़ित ने बताया कि मैंने कॉल उठाई, सामने वाले ने पूछा क्या मैं सुधीर मलिक बोल रहा हूँ? मैंने हां कहा, तो उसने कहा लॉरेंस बिश्नोई का मैसेज है, 2 करोड़ तैयार रखो, कल दोगे इसे मजाक मत समझो, कॉल रिकॉर्ड कर लो. सुधीर मलिक के अनुसार कॉल करीब डेढ़ मिनट तक चली, जिसमें उन्होंने अपनी स्थिति स्पष्ट की कि




उनका कारोबार इतना बड़ा नहीं है. इसके बावजूद, कॉल करने वाले ने कहा कि मिलकर चलेगा तो फायदे में रहेगा और फिर फोन काट दिया. घटना की सूचना के बाद, सुधीर मलिक भयभीत हो गए. तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है. साइबर और सर्विलांस टीम का गठन किया गया है, ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके.क्या बोले पुलिस अधिकारी पुलिस अधिकारी के अनुसार (एसीपी शालीमार गार्डन) सलोनी अग्रवाल ने सुधीर मलिक द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप से बताया है. वहीं 2 करोड़ रुपये की मांग की है. घटना के अनावरण के लिए साइबर और सर्विलांस टीम गठित की गई है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा. फिलहाल, सुधीर मलिक और उनका परिवार इस धमकी से डरे हुए हैं. बता दें कि पिछले कई दिनों से लोगों को कॉल कर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेकर ठगी का मामला सामने आया था. अब जांच के बाद ही पता चलेगा कि ये कॉल किसने की है.




हरिद्वार की लक्सर कोतवाली पुलिस ने संदिग्धता के आधार पर एक नाबालिग बालक से पूछताछ की. जिससे एक बड़ा खुलासा हुआ. बालक अपने परिवार से नाराज होकर घर से बिना बताए निकला था और उसके पास लाखों के गहने और नकदी भी मौजूद थी. पुलिस की सक्रियता के चलते यह मामला उजागर हुआ और बालक को सुरक्षित उसके परि. जनों के हवाले कर दिया गया.बताया गया कि, लक्सर कोतवाली पुलिस द्वारा रात में नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान पुलिस को एक साइकिल सवार नाबालिग बालक संदिग्ध अवस्था में सुल्तानपुर की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया. पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि वह अपने घर से नाराज होकर बिना बताए बाहर निकला है. इसके अलावा, बालक के पास घर में रखी नकदी और आभूषण भी थे, जो उसके पिता और चाचा द्वारा मकान निर्माण और बहन की शादी के लिए सुरक्षित रखे गए थे.नाबालिग के पास पुलिस को मिला समान बालक के पास मौजूद पीठू बैग की तलाशी लेने पर पुलिस को 7 लाख 15 हजार रुपये नगद, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान की बालियां, 5 नोज पिन, 4 जोड़ी चांदी के बिछुए, 2 चांदी के सिक्के, और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. इसके बाद पुलिस ने बालक के परिजनों से संपर्क किया. बालक के पिता राकेश पाल और चाचा हिप्पी किन्नर, निवासी कनखल, थाने में बुलाए गए. पुलिस ने बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया और नकदी, आभूषण, तथा अन्य सामान भी सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंप दिया गया.इस पूरी घटना में हरिद्वार पुलिस की सतर्कता और ईमानदारी की परिजनों ने प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि अगर पुलिस समय पर सक्रिय न होती, तो बालक के साथ कोई गंभीर घटना हो सकती थी. पुलिस की तत्परता ने एक संभावित त्रासदी को टाल दिया. इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि पुलिस की नियमित चेकिंग अभियान किस तरह से सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा सकती है.

### मौसम साफ होते ही बद्रीनाथ धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, 10 लाख से अधिक लोग कर चुके हैं



बारिश कम होते ही उत्तराखंड में बद्रीनाथ धाम की यात्रा ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है. इस पवित्र तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है. अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं 12 मई को यात्रा शुरू हुई थी और 30 जून तक 8,20,943 यात्री धाम में पहुंच चुके थे, जो एक रिकॉर्ड संख्या थी. लेकिन मानसून की शुरुआत के साथ ही यात्रा की गति धीमी हो गई जिससे यात्रियों की संख्या में कमी देखी गई. मिली जानकारी के अनुसार दो जुलाई को 8,000 से अधिक यात्री बद. रीनाथ पहुंचे थे. लेकिन इसके अगले दिन यानी तीन जुलाई को यात्रियों की संख्या घटकर 2,000 रह गई. एक जुलाई से 14 सितंबर के बीच केवल 1,43,000 यात्री ही धाम पहुंचे विशेष रूप से सात जुलाई को बदरीनाथ धाम में एक भी यात्री नहीं पहुंचा. उसके बाद के 18 दिनों में प्रति दिन यात्रियों की संख्या एक हजार से भी कम रही मानसून के कारण यात्रा पर खासा असर पड़ा था.

## कानपुर देहात में एक फोम फैक्ट्री में . आग लगने से छह लोगों की मौत हो . गई. तीन जिंदा जल गए

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में एक फोम फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई. इसमें से तीन जिंदा जल गए. जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. डॉक्टरों का कहना है कि डीएनए जांच के बाद उनकी पहचान हो सकेगी. झुलसे सात श्रमिकों में तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. वहीं मृतकों में दो नाबालिग युवक भी है. आग की खबर सुनते ही मौके से दमकल विभाग की गाड़िया मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया. बता दें कि फोम फैक्ट्री बिना अग्निशमन प्रमाणपत्र के ही चल रही थी. सवाल ये भी उठ रहे है कि बिना पंजीकरण के फैक्ट्री संचालन के लिए हरी झंडी मिल गई. दरअसल पूरी घटना रनियां के खान चंद्रपुर में हुई है. जहां कानपुर निवासी अजय अग्रवाल की आरपी पॉलिपैक नाम से फोम फैक्ट्री है. सुबह करीब सात बजे काम चल रहा था, तभी फोम में आग लग गई. फोम के बंडल होने से आग तेजी से फैली तथा सभी श्रमिक उसकी चपेट में आ गए. झुलसे हुए सात श्रमिक बाहर निकल कर भागे, तो कुछ अंदर टिनशेड व दीवार गिरने से दब गए. मिली जानकारी के अनुसार आग शार्ट सर्किट या किसी श्रमिक द्वारा जलती बीड़ी फेंके जाने से लगी है. घटना के बाद गुस्साए मृतकों के परिजनों ने जमकर हंगामा किया. चार घंटे बाद आग पर पाया गया काबू आग लगने के आधे घंटे के अंदर ही दमकल की गाड़ियां पहुंच गई थीं .चार घंटे बाद 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका. मलबे को क्रेन व बुलडोजर से हटाने के साथ गैस कटर से काटा गया. शाम करीब पांच बजे तीन जले हुए शव मिले, जिनमें केवल हड्डी ही बची थी. इनमें दो ममेरे भाई बताए जा रहे हैं.एक कुत्ते का भी जला शव मिला. एक मात्र सुरक्षित बचे श्रमिक ने कुल 11 लोगों के ड्यूटी करने की बात बताई है.फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़ा कोई जिम्मेदार नहीं आने से सही जानकारी न मिल सकी है. मालिक का फोन भी स्विच आफ बताता रहा. डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य अधिकारी फैक्ट्री परिसर पहुंचे और जानकारी ली. |

# सास-ससुर ने बदला धर्म, विवाहिता पर भी बना रहे दबाव, धर्म परिवर्तन के लिए नोएडा से आते हैं धर्म गुरु

## विवाहिता का आरोप है कि सास-ससुर और जेठ का पुत्र उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाते हैं।



महिला के सास ससुर ने धर्म परिवर्तन किया हुआ है। जेठ की मौत हो चुकी है। विवाहिता का आरोप है कि सास–ससुर और जेठ का पुत्र उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाते हैं।गाजियाबाद की विजयनगर कॉलोनी निवासी विवाहिता पर परिवार सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। विवाहिता का आरोप है कि सास ससुर और उसके जेठ के परिवार ने धर्म बदला हुआ है और तीनों उस पर भी धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते है। धर्म परिवर्तन नहीं करने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता है। विवाहिता ने समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की है।विवाहिता अपने पति और दो बच्चों सहित सास ससुर के साथ मोदीनगर एक कॉलोनी में रहती है। विवाहिता ने बताया कि उसके जेठ नोएडा में रहते है। जेठ के परिवार और सास ससुर ने धर्म परिवर्तन किया हुआ है। जेठ की मौत हो चुकी है। विवाहिता का आरोप है कि सास–ससुर और जेठ का पुत्र उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाते हैं।धर्म परिवर्तन कराने के लिए कई बार नोएडा धर्मगुरुओं की टीम भी आई। धर्मगुरु विवाहिता और उसके परिवार को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देते हैं। मगर विवाहिता और उसके परिवार ने धर्म नहीं बदला। आरोपी धर्म परिर्वतन नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगा।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी से किया दुष्कर्म



गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी किशोर दूसरे समुदाय का है। मामले में छात्रा के पिता ने विजयनगर थाने में शिकायत दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम पर करीब दो साल पहले हुई। दोनों के बीच बातचीत हुई। अब आरोप है कि झांसे में लेकर आरोपी ने छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी छात्रा के पिता को हुई तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पति मकान बेचने की कर रहा था तैयारी, पत्नी ने गला कसकर कर दी हत्या- 20 वर्ष हुई थी शादी

गोरखनाथ इलाके के तिलिया कुंआ विकासनगर में शुक्रवार की देर रात एक महिला ने अपने पति की तार से गला कसकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। महिला का अपने पति से घर को लेकर विवाद चल रहा था। उसे पता चला था कि पति मकान को बेचने की तैयारी कर रहा है।जानकारी के अनुसार, तिलिया कुंआ विकासनगर निवासी अशोक निषाद (40) का उसकी पत्नी रिंकी देवी से विवाद चल रहा था। वह पिछले सात महीने से अलग रह रही थी। तीन बच्चों की मां रिंकी को पता चला कि उसका पति घर बेच रहा है। इसकी जानकारी होने पर शुक्रवार की रात वह घर गई और रात में ही करीब दो बजे विवाद के बाद उसने पति अशोक की तार से गला कसकर हत्या कर दी।सूचना पर पहुंची गोरखनाथ पुलिस ने अशोक के भाई खू. बलाल की तहरीर पर केस दर्ज कर रिंकी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।20 साल पहले हुई थी शादी,

कलह से हो गई दूरी रिंकी की 20 साल पहले अशोक से शादी हुई थी। पति से विवाद के चलते वह पिछले सात महीने से अलग रहती थी।

उसके तीन बच्चे हैं। इसमें एक बेटी की शादी भी हो गई है। बताया जा रहा है कि परिवारिक कलह की वजह से ही पति–पत्नी में दूरी हो गई थी। रिंकी को लग रहा था कि पति अगर अपने हिस्से का घर बेच देगा तो उसके बच्चे बेसहारा हो जाएंगे।एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि

पत्नी ने तार से गला कसकर पति की हत्या की है। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, उसने बताया कि पति घर बेच रहा था इसलिए विवाद हुआ और ये घटना हो गई। उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया गया।

## पत्नी ने चाय के साथ मांगा नमकीन, पति ने पहले पीटा फिर दांत से काट लिया- घायल



गोरखपुर झंगहा कस्बे में बीमार पत्नी को पति से चाय के साथ नमकीन मांगना मंहगा पड़ गया। नाराज पति ने पहले पत्नी की पिटाई की, इसके बाद उसे कई जगहों पर दांत से काट लिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस पति पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।झंगहा बाजार की संध्या ने पुलिस को बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। इस कारण वह कई दिनों से खाना नहीं खाई थी। 20 सितंबर को उसे चाय के साथ नमकीन खाने का मन किया। पति जितेंद्र पासवान से नमकीन मांगते ही वह इतना नाराज हो गया कि पहले उसने मेरी पिटाई की. ।इसके बाद दांत से भी काट लिया। उसके साथ मिलकर सास फूलदेई ने भी मारापीटा। जिससे शरीर में कई जगह चोट आई है। दांत से काटने का भी निशान बन गया है। झंगहा पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिंदा महिला को कागज में बनाया मुर्दा, शिकायत सुनते ही DM ने सचिव को किया निलंबित

उत्तर प्रदेश के अमरोहा से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे. यहां के ग्राम सचिव ने जिंदा महिला को मुर्दा बना दिया. जिसे विधवा महिला की वृद्धावस्था पेंशन बंद हो गई थी. महिला ने शनिवार (21 अगस्त) को इसकी शिकायत डीएम से शिकायत करने पहुंची तो ग्राम सचिव की करतूत सबके सामने आई. वहीं इस मामले को संज्ञान लेते हुए डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तत्काल सचिव को निलंबित कर दिया. साथ ही अधिकारियों को बुजुर्ग महिला का पेंशन बहाल करने का निर्देश भी दिया.दरअसल पूरा मामला अमरोहा के धनौरा तहसील का है. जहां समाधान दिवस में आयोजित कार्यक्रम में डीएम लोगों की शिकायत सुना रही थी. इस दौरान गांव मोहनपुर निवासी वृद्ध महिला ने डीएम ने वृद्धावस्था पेंशन बंद करने की शिकायत की. जुलाई 2023 में नया रिकॉर्ड बनाया गया था जिसके बाद से मुझे पेंशन मिलना बंद हो गया. डीएम ने तत्काल संबंधित सचिव को मौके पर तुरंत निस्तारण के लिए बुलाया. वहीं जांच में पाया गया कि वृद्ध महिला को रिकॉर्ड में मृत दर्शाया गया है. इसके बाद डीएम ने सचिव को निलंबित कर दिया.क्या बोली डीएम निधि गुप्तामामले की सुनवाई करते हुए डीएम निधि गुप्ता ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण गुणवत्तापरक हो और फरियादी को उसकी सूचना तुरंत मिलनी चाहिए. समाधान दिवस के दिन कुल 29 शिकायतें दर्ज हुई जिनमें मात्र चार का निस्तारण हो पाया है. डीएम निधि ने यह भी कहा कि ऐसी किसी भी प्रकार की लोगों के साथ की जाने वाली लापरवाही में पाए जाने वाले लोगों को तुरंत सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा.

## अदालत में युवक को पीटा

गाजियाबाद। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के अशोक वाटिका में दो पक्षों में मारपीट के एक आरोपी नवीन यादव को अदालत में पेश करने के बाद दूसरे पक्ष ने दोबारा पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल नवीन को पुलिस ने किसी तरह बचाकर संजय नगर के संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात नवीन की तहरीर पर कविनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डॉक्टरों का कहना है कि पिटाई में नवीन को चोट अधिक लगी है। इलाज के बाद हालत स्थिर बनी है।शुक्रवार को किसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। टीला मोड़ थाने की पुलिस ने एक पक्ष के आरोपी नवीन यादव व पुष्पेंद्र को शनिवार की शाम अदालत में पेश किया था। उसी दौरान कई आरोपी अदालत में पहुंचकर नवीन की पिटाई कर दी। नवीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसे और उसके साथी पुष्पेंद्र को पुलिस ने अदालत में पेश किया था। उसी दौरान अदालत में 15 से 20 लड़के अदालत में घुसकर पिटाई करने लगे। घटना के दौरान अदालत में स्टाफ और पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से उसको पिटाई से बचाया। पुलिस तत्काल उसे संयुक्त अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जन नायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ, ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें–
**अमित कुमार वर्मा**
**सम्पादक**
मो. 8218049162, 8273402499

**जन नायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंग प्रेस, अचल ताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित।
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।

# गली की दीवार गिरी, मलबे में दबने से युवक की मौत, परिवार में छाया मातम

## सिकंद्राराऊ के गांव जिमिसपुर में एक दीवार गिर गई



सिकंद्राराऊ के गांव जिमिसपुर में एक दीवार गिर गई, उसके मलबे में दबकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तीन दिन पहले बारिश बेशक थम गई, लेकिन जर्जर मकान और दीवारों के गिरने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। जिसकी वजह बारिश के पानी का अभी तक भरा रहना है। सिकंद्राराऊ के गांव जिमिसपुर में एक दीवार गिर गई, उसके मलबे में दबकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव जिमिसपुर की कुछ गलियों में अभी भी पानी भरा हुआ है। एक गली में पानी भरा हुआ है। गांव निवासी 35 वर्षीय सतीश चंद्र पुत्र रनवीर सिंह जब एक गली में से होकर निकल रहे थे, बीती रात अचानक गली के सहारे की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में वह दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने सतीश चंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सतीश चंद्र खेती–बाड़ी करते थे। उनकी मौत से परिवार में मातम छा गया।

## गैस गोदाम से सिलिंडर चोरी करने वाले पांच दबोचे

एसओजी व सासनी पुलिस टीम ने गैस गोदाम से 80 सिलिंडर, ट्रैक्टर चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें ग्राम प्रधान का बेटा भी शामिल है।29 जून को बरसें स्थित सुहानी एचपी गैस गोदाम से एक ट्रैक्टर में लदे हुए सिलिंडर चोरी हो गए थे। चोरी की शिकायत गार्ड सुल्तान सिंह ने दर्ज कराई थी। इसके बाद 19 जुलाई को फिर से गोदाम में चोरी हो गई। शनिवार को एसओजी व कोतवाली पुलिस ने इगलास रोड गो. कुलधाम के पास से पांच लोगों को दबोच लिया। उनके कब्जे से चोरी के 55 सिलिंडर बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि राहुल चौधरी पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी रुहेरी के साथ मिलकर सुहानी गैस गोदाम से सिलिंडर चोरी किए थे। कुछ सिलिंडर बेच दिए। इनसे मिले रुपयों को आपस में बांट लिया। 19 जुलाई को दूसरी बार फिर इसी गोदाम में बुलेरो गाड़ी व सिलेंडर चोरी किए। राहुल चौधरी छेड़छाड़ के मामले में हाथरस गेट से जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपी उमाशंकर गैस एजेंसी पर होकर का काम करता था, उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी कराई। इन आरोपियों में शामिल विवेक की मां गारवगढ़ी की प्रधान हैं। पकड़े गए आरोपियों में उमाशंकर पुत्र नीरज शर्मा, लोकेश पुत्र रमेश, विवेक पुत्र बौबी निवासी गारवगढ़ी व शेंकी दीक्षित पुत्र योगेंद्र निवासी रहना, उमेश कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी रुहेरी हैं।

## सरसौल रसलगंज और कंपनी बाग पर ई रिक्शा खड़ा करने पर लगा प्रतिबंध-नगर आयुक्त ने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के साथ अव्यवस्थित ई रिक्शा को व्यवस्थित करने पर किया मंथन

सरसौल रसलगंज और कंपनी बाग पर ई रिक्शा खड़ा करने पर लगा प्रतिबंध–नगर आयुक्त ने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के साथ अव्यवस्थित ई रिक्शा को व्यवस्थित करने पर किया मंथन तीन चौराहों पर 50 मीटर की परिधि हुई में खड़ा करना हुआ प्रतिबंधित त्यौहारों पर पुख्ता सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस व जिला प्रशासन में हुआ मंथन रूट के इधर–उधर, रूट स्टीकर और बिना लाइसेंस ई रिक्शा चलाना पड़ेगा महंगा– तीन चौराहों पर 50 मीटर की परिधि हुई में खड़ा करना हुआ प्रतिबंधित तीन चौराहों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट की निगरानी की कमान संभालेंगे सहायक नगर आयुक्त अपर नगर मजिस्ट्रेट और टीआईजल्द व्यवस्थित दिखेगें ई रिक्शा–नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को अव्यवस्थित ई रिक्शा चालकों पर कार्यवाही के दिये निर्देश नगर आयुक्त का वादा– तीन चौराहों पर ई–रिक्शा को व्यवस्थित करने के इस कदम के सफल होने पर शहर के अन्य चौराहा पर भी लागू की जाएगी यह व्यवस्थानगरीय क्षेत्र में अव्यस्थित ई रिक्शों के चौराहे पर खड़े होने के कारण आम नागरिकों को जाम जैसी परेशानी से निजात दिलाने के लिये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने जिला प्रशासन व ट्रैफिक पुलिस के साथ समीक्षा करते हुए पहले चरण में रसलगंज सरसौल व कंपनी बाग चौराहे की 50 मीटर परिधि में ई रिक्शा के खड़े होने पर प्रतिबंध, बिना लाइसेंस बिना रूट स्टीकर और निर्धारित रूप पर न चलने वाले ई रिक्शा के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करने का निर्णय लिया। नगर आयुक्त ने शनिवार नगर निगम सेवाभवन कार्यालय में एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम व सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर व निगम अधिकारियों के साथ मंथन समीक्षा करते हुए ई–रिक्शा के कारण शहर के प्रमुख चौराहा पर ट्रैफिक और जाम के कारण आम नागरिकों को हो रही सुविधा पर बात की। नगर आयुक्त ने अव्यवस्थित ई रिक्शा की ज्वलंत समस्या का स्थाई समाधान कराये जाने के निर्देश दिये और साथ ही निर्धारित रूट के विपरीत चलने, चौराहो पर अव्यस्थित ढ़ग से ई रिक्शा के खड़े होने वाले वाले चालकों बिना लाइसेंस के विरूद्ध ट्रैफिक विभाग के सहयोग से अभियान चलाकर ई रिक्शा जब्त करने की सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।नगर आयुक्तविनोद कुमार ने बताया पहले चरण में व्यस्ततम गांधी पार्क सरसौल और रसलगंज चौराहे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के दृष्टि से इन चौराहों पर 50 मी ई रिक्शा खड़ा करने पर प्रतिबंध लगाया गया है साथ ही साथ इन चौराहों पर निगरानी के लिए सहायक नगर आयुक्त अपन नगर मजिस्ट्रेट और ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम गठित की गई है जो अगले 10 दिन तक लगातार इन चौराहों की निगरानी करेंगे साथ ही साथ पीए सिस्टम के माध्यम से ऐसे ई रिक्शा चालकों को चौराहों से दूर खड़े होने के लिए निर्देश भी देगी।

उन्होंने बताया ई–रिक्शा को व्यवस्थित करने की दृष्टिगत नगर निगम द्वारा 12 रूट निर्धारित किए गए हैं। जिनमे

रूट 1:–गाँधी पार्क से हाथरस अड्डा, सासनी गेट चौराहा होते हुये आगरा रोड, सासनी गेट चौराहा से मथुरा रोड़, सासनी गेट चौराहा से भुजपुरा रोड़ होते हुये खैर रोड़ तक आना–जाना।

रुट 2:– कबरकुत्ता से रसलगंज चौकी, मसूदाबाद, तहसील तिराहा, बन्नादेवी से सारसौल चौराहा होते हुये महरावल तक आना–जाना।

रुट 3: गाँधी पार्क से दुबे का पड़ाव, अचल ताल तिराहा, छर्रा अड्डा पुल होते हुये नौरंगाबाद, एटा चुंगी चौराहा से धनीपुर मण्डी होते हुये बौनेर कट तक आना–जाना।

रुट 4:– बरछी बहादुर से सुभाष चौक, कन्ट्रोल रुम, लाल डिग्गी, ए०एम०यू० सर्किल, कलैक्ट्रेट, जमालपुर से अनूपशहर रोड़ होते हुये एफ०एम० टावर तक आना–जाना।

रुट 5:– रेलवे स्टेशन से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लाल डिग्गी, ए०एम०यू० सर्किल, दोदपुर चौराहा होते हुये मेडिकल कॉलेज तक आना–जाना।

रुट 6:– रेलवे स्टेशन से लाल डिग्गी, अब्दुल्ला गर्ल्स कॉलेज मैरिस रोड़, केला नगर चौराहा, क्वार्सी फार्म होते हुये क्वार्सी चौराहे तक आना–जाना।

रुट 7:– क्वार्सी चौराहे से रामघाट चुंगी, केला नगर चौराहा, मैरिस रोड़ से सेन्टर प्वाईन्ट होते हुये रेलवे स्टेशन तक आना।

रुट 8:– खेरेश्वर से नादा पुल, सारसौल से बरौला पुल पर होते हुये एफ०एम० टॉवर तक आना–जाना ।

रुट 9:– रुट रू– क्वार्सी से कयामपुर मोड, एटा चुंगी होते हुये कमालपुर रोड़ तक आना–जाना।

रूट 10:–क्वार्सी से जीवनगढ़ से महेशपुर फाटक होते हुये कमालपुर रोड़ तक आना–जाना।

रुट 11:– क्वार्सी से रामघाट रोड़, पी०ए०सी०, देवसैनी होते हुये जवां रोड़ तकं आना–जाना।

रुट 12:– नादा पुल से देहली गेट, हड्डी गोदाम, भुजपुरा रोड़, सासनी गेट, लोधी बिहार, ए०डी०ए० कॉलोनी होते हुये मन्दिर के नगला तक आना–जाना। बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता अजय राम स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक एहसान रब मौजूद थे।






# एएमयू फ्रेशर पार्टी में शाकाहारी छात्रों के सामने परोसे चिकन मोमोज, हुआ बखेड़ा, जमकर हंगामा

## एएमयू प्रोक्टर ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे एएमयू छात्र

अलीगढ़ ।एएमयू के विधि विभाग में सीनियर विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में पार्टी रखी थी। जूनियर विद्यार्थियों का सीनियर विद्यार्थियों ने स्वागत भी किया। इसी बीच सूक्ष्म जलपान के दौरान शाकाहारी छात्रों के सामने चिकन मोमोज परोस दिया गया, जिसे देखकर वह भड़क गए।21 सितंबर की रात को करीब नौ बजे अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के विधि विभाग में आयोजित फ्रेशर पार्टी में शाकाहारी छात्रों के सामने चिकन



मोमोज परोसने पर बखेड़ा खड़ा हो गया। जमकर हंगामा हुआ। छात्रों ने इसकी शिकायत प्रॉक्टर कार्यालय में दर्ज करा दी है। यह पार्टी एलएलबी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।विभाग परिसर में सीनियर विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में पार्टी रखी थी। जूनियर विद्यार्थियों का सीनियर विद्यार्थियों ने स्वागत भी किया। इसी बीच सूक्ष्म जलपान के दौरान शाकाहारी छात्रों के सामने चिकन मोमोज परोस दिया गया, जिसे देखकर वह भड़क गए। इसके बाद उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।आक्रोशित कई छात्र प्रॉक्टर कार्यालय भी पहुंच गए। उन्होंने आस्था पर आघात पहुंचाने का आरोप लगाया। इस तरह दोबारा भविष्य न हो, इसकी हिदायत भी वह दे गए। कार्यवाहक प्रॉक्टर प्रो. हशमत अली ने बताया कि फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों के लिए शाकाहार और मांसाहार के स्टाल लगाए गए थे। इसकी व्यवस्था प्रबंधन विभाग की तरफ से की गई थी,जिसकाप्रॉक्टोरियल टीम नेमुआयना भी किया था। जलपान के दौरान शाकाहारी छात्रों के सामने चिकन मोमोज परोस दिया गया,जिसकी शिकायत छात्रों ने उनसे की है। हालांकि, उन्होंने कोई लिखित में शिकायत नहीं है। मगर, यह कह गए हैं कि दोबारा इस तरह कोई बात सामने नहीं आनी चाहिए।

## अलीगढ़ की 170 सड़कों के भरे जाएंगे गड्ढे, शासन स्तर से बजट जारी

अलीगढ़ ।जीटी रोड समेत करीब 170 सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया था। इन प्रस्तावों को शासन स्तर से मंजूरी मिलने के साथ ही धन भी जारी कर दिया गया है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत होगी।अलीगढ़ जिले की बदहाल हो चुकी सड़कों के जख्म भरने के लिए शासन स्तर से बजट जारी कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग ने जिले की करीब 170 सड़कों की मरम्मत का प्रस्ताव भेजा था।लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सौरभ बैराठी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने ऐसी जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव मांगा था। जीटी रोड समेत करीब 170 सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया था। इन प्रस्तावों को शासन स्तर से मंजूरी मिलने के साथ ही धन भी जारी कर दिया गया है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत होगी। इसमें हाईवे, जीटी रोड समेत अन्य सड़कें जो लोकनिर्माण विभाग से संबंधित हैं उनकी मरम्मत की जाएगी। बारिश थमने व मौसम के पूरी तरह से खुलने का इंतजार किया जा रहापहले चरण में जीटी रोड व शहरी क्षेत्र से गुजर रही सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। इसके बाद देहात क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्गों की मरम्मत कराई जाएगी। गौर हो कि बारिश के चलते



शहर से लेकर देहात क्षेत्र की तमाम सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। इन पर वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को निकलने में बेहद दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

## श्री श्री १००८ महाराजाधिराज अग्रसेन जी की 5148 वी जयंती के सुअवसर पर श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा नेत्र जांच एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया



श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य पर रविवार को श्री अग्रसेन फिजियोथेरिपी सेंटर, राजधानी कॉम्प्लेक्स, हाथरस अड्डा, अलीगढ़ पर नेत्र जांच एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम नारायण अग्रवाल जी एवं श्री मुकेश मित्तल जी ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जयंती संयोजक नवीन अग्रवाल(जलेसर) ने बताया कि डॉ नीलेश मित्तल जी और उनकी टीम द्वारा मरीजों की नेत्र जांच की गई। शिविर में 450 मरीजों को निशुल्क चश्मा एवं दवाइयां का वितरण किया गया तथा मोतियाबिंद के 72 ऑपरेशन संस्था द्वारा निःशुल्क कराए गए।अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ अमित गुप्ता जी द्वारा दंत संबंधी मरीजों को देखा गया। जिसमें संस्था द्वारा निःशुल्क जांच, एक्स–रे व दवाइयां का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक विपिन गोयल रहे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से महामंत्री एड. प्रशांत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष प्रांजुल गर्ग, आशीष कोठी, सीए विकास अग्रवाल, राहुल(जलेसर) ,उपमंत्री राहुल गर्ग ,उपाध्यक्ष प्रीतेश अग्रवाल,आकाश एगोन,सक्षम जट्टारी,सीए पीयूष अग्रवाल,गौरव इंटेक्स,सोनू फोटो,दिव्यांशु अग्रवाल,शुभम सरिया,प्रांजुल,कल्पित आदि सदस्य उपस्थित रहे। सारी जानकारी मीडिया प्रभारी दिव्यांश अग्रवाल ने दी।

## प्लेटफार्म पर बिलखता बच्चा बचाया, ट्रेन में बिठाया, पर समझने लगे बच्चा चोर

ट्रेन के साथ भागते बच्चे को महिला ने चेन खींच कर अपने साथ बिठा लिया। यह देखकर लोगों ने बच्चा चोर का शोर मचा दिया। महिला को बच्चे की मदद करना भारी पड़ गया। खुद को बच्चा चोर की जगह मददगार साबित करने में उसे घंटों जूझना पड़ा।मामला 21 सितंबर की दोपहर को करीब 12 बजे का है। फ्लेटफॉर्म संख्या 3 पर मां–मां पुकार कर ट्रेन के साथ दौड़ रहा एक छह साल का बच्चा जब ट्रेन में सवार एक महिला को दिखा तो उसने चेन खींच दी। ट्रेन रुकी तो महिला ने यह सोचकर बच्चे को ट्रेन में बैठा लिया कि शायद इस बच्चे की मां ट्रेन में है और यह किसी तरह बिछड़ गया है। बस इसी दौरान प्लेटफार्म पर खड़े लोगों ने चोर–चोर पुकारना शुरू कर दिया। जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई और महिला को थाने ले गई। महिला घंटों अपनी सफाई देते रही लेकिन किसी ने उसकी बात पर यकीन नहीं किया। बाद में सीसीटीवी कैमरे चेक किए। हकीकत सामने आई और ट्रेन में सफर कर रही महिला की मां को तलाशा गया और बच्चा उसके हवाले किया गया। खुद को बच्चा चोर की जगह मददगार साबित करने में उसे घंटों जूझना पड़ा।

## 12 देशों की कॉफी में घुल रही अलीगढ़ . और एटा की चिकोरी, बढ़ा रही स्वाद

अलीगढ़ और एटा में पैदा होने वाली चिकोरी यूक्रेन, ताइवान, तुर्किए, वियतनाम, इंडोनेशिया, बेलारूस, अल्जेरिया, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, मलयेशिया सहित 12 देशों में भेजी जा रही है।विदेशों में बनने वाली कॉफी में अलीगढ़ मंडल की चिकोरी भी घुल रही रही है। यहां की चिकोरी 12 देशों में कॉफी के स्वाद और खुशबू को बढ़ा रही है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में इसका 184 करोड़ रुपये का बड़ा निर्यात हुआ है। स्थानीय स्तर पर भी देश की नामीगिरामी कॉफी निर्माता कंपनियां इसकी खरीदारी कर रही हैं। जिससे इसका कारोबार 200 करोड़ रुपये के पार पहुंच रहा है।वित्तीय वर्ष 2023–24 में एटा से 122 करोड़ रुपये की चिकोरी का निर्यात हुआ है। 15 हजार 197 मीट्रिक टन चिकोरी विदेशों में भेजी गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में अप्रैल से अगस्त के बीच 1514 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में अलीगढ़ जिले से पहली बार 62 करोड़ रुपये की चिकोरी विदेश भेजी गई है।चिकोरी प्रोटीन और विटा. मिन से भरपूर होती है। इसको कॉफी में मिलाया जाता है। जिससे कॉफी की खुशबू और स्वाद बढ़ जाता है। चिकोरी का तैयार पाउडर 100 रुपये, कच्चा फल 37 रुपये और रोस्टेड फल 54 रुपये किलो के भाव से निर्यात किया जा रहा है। अलीगढ़ के छर्रा, अतरौली और इगलास में किसान इसकी पैदावार करते हैं। अतरौली और इगलास में इसके 15 प्लांट स्थापित हैं।अलीगढ़ जिले से पहली बार 62 करोड़ रुपये की चिकोरी का निर्यात इस वर्ष हुआ है। अब इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है।–वीरेंद्र, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र।पहली अक्तूबर से चिकोरी का बीज मिलना शुरू हो जाएगा। इसका बीज विदेशों से यहां आता है।–जयप्रकाश, चिकोरी उत्पादक छर्रा।चिकोरी का निर्यात शुरू हो गया है। हम इसको आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। विदेशों में अच्छी मांग हो रही है।–गौरव वार्ष्णेय, निर्यातक।इन देशों में हो रहा है निर्यातयहां पैदा होने वाली चिकोरी यूक्रेन, ताइवान, तुर्किए, वियतनाम, इंडोनेशिया,बेलारूस,अल्जेरिया, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, मलयेशिया सहित 12 देशों में भेजी जा रही है। 3500 बीघा में अलीगढ़ में हो रही है इसकी खेतीपौधे की जड़ है चिकोरी चिकोरी एक पौधे की जड़ है। इस पौधे का वानस्पतिक नाम चिकोरियम एंटीबस है। इसका बीज थाईलैंड से आता है। जिसे अक्तूबर में बोया जाएगा। इसकी फसल मार्च में तैयार होगी। इसकी जड़ में विषाक्तता मुक्त करने के लक्षण होते हैं। ये वजन कम करने और किडनी की पथरी के उपचार में भी मदद करता है। इसमें जिंक, मैग्नीशियम, कै. ल्शियम, लौह, फोलिक पोटेशियम, विटा. मिन, ए, बी–6 सी, ई और के होता है। इसकी जड़ को सुखाकर रोस्ट कर कॉफी में मिलाया जाता है।एटा से 122 करोड़ रुपये की चिकोरी गई विदेश अलीगढ़। एटा में इसके निर्यात की शुरुआत वर्ष 2007 से हुई थी। उस वक्त एक ही फर्म मुरली कृष्णा चिकोरी ने यह काम शुरू किया था। इसके बाद वर्ष 2015 में मुरली कृष्ण फूड और वर्ष 2016 में जूपिटर फूड प्राइवेट लिमिटेड भी निर्यात में उतर आई है। जिले में लगभग 85 चिकोरी के प्लांट स्थापित है। दस बड़ी कंपनियां इसका पाउडर बना कर निर्यात कर रही हैं।